रविवासरीय हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
30 अक्टूबर 2022, बरेली

PAGE NO. 08 : TOP

यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले

प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी छाए रहे गाजियाबाद के खिलाड़ी, फाइनल मुकाबले आज

प्रतियोगिता

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। 69वीं यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दिन श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के दूसरे दिन गाजियाबाद के खिलाड़ी छाए रहे।

पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के फैजल अली, गाजियाबाद के सार्थक सेठ ने अपने ही शहर के शिवम चंद्रा, गाजियाबाद के कानव कौशिक ने गाजियाबाद के अर्चित जैन और गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा ने गाजियाबाद के ही धैर्य को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश पाया। महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में गाजियाबाद की दिशा ने गाजियाबाद की अवनी त्रिपाठी को, लखनऊ की गुनगुन साहू ने गाजियाबाद की मीता दीक्षित को, गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की मोहिका दीक्षित को और गाजियाबाद की आरती चौधरी ने प्रयागराज की अंबिका गुप्ता को हराकर सेमीफाइनल का टिकट पाया। यूथ बॉयज अंडर-19 में गौतमबुद्धनगर के अक्षत त्यागी ने गाजियाबाद के धैर्य सिंघल को, गाजियाबाद के शिवम चंद्रा ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को, लखनऊ के दिव्यांशु श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के अभीवीर नंदा को और गाजियाबाद के अर्चित जैन ने गौतम बुद्ध नगर के श्रीधर जोशी को हराकर सेमीफाइनल में इंट्री ली।

अंडर-17 में प्रथम वरीयता प्राप्त उलटफेर का शिकार: अंडर 17 बालक वर्ग में प्रथम वरीयता प्राप्त गाजियाबाद के अभिजीत नंदा को दूसरे राउंड में गैर वरीयता प्राप्त कानपुर के अद्वित गुप्ता ने पराजित कर उलटफेर किया। हालांकि अद्वित गुप्ता भी क्वार्टर फाइनल में जाकर हार गए। जूनियर बॉयज अंडर 17 के सेमीफाइनल में आगरा के मौलिक चतुर्वेदी ने प्रयागराज के आर्यन कुमार व गाजियाबाद के अर्निस बाना ने गाजियाबाद के अर्चित जैन को हराकर फाइनल मुकाबले में स्थान बनाया। यूथ गर्ल्स अंडर-19 के सेमीफाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की दिशा को और गाजियाबाद की आरती चौधरी ने प्रयागराज की अंबिका को हराकर सेमीफाइनल में स्थान पाया।

69वीं यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दौरान शनिवार को शॉट खेलती खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

रविवार दोपहर 1:30 बजे से खेले जाएंगे मुकाबले

प्रतियोगिता के फाइनल मैच रविवार को 1.30 बजे से होंगे। इंजीनियर सुभाष मेहरा, जिला टेबिल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डा.दीपेंद्र कमथान, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लहरी, चीफ रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रेफरी आकाश यादव, आल इंडिया टीटी जूनियर टीम के चयनकर्ता पराग अग्रवाल और डीन एकेडेमिक्स डा.प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।